हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 अनोखी मांगः साहब ! नौकरी, सड़क राशन नहीं, मुझे तो दुल्हन चाहिए



09 जो दुकानें सड़कों से हटाई थी वो दूसरे दिन ही सज गईं उसी जगह



खबर संक्षेप

अवतरण दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

सागर। संत शिरोमणि जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरू कृपा पात्र संघ द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संघ के संस्थापक संजय जैन गुरूकृपा ने बताया कि 25 अक्टूबर रविवार की सुबह 9 बजे दयोदय गौशाला मे गौ माता सेवा, 10:30 बजे लक्ष्मीपुरा वार्ड स्थित महिला आश्रम मे अध्ययनरत छात्राओं को भोजन कराया जायेगा। दूसरे दिन सोमवार को दोपहर में कटरा जय स्तंभ के समीप वर्णी काम्पलेक्स से खीर वितरण किया जाएगा।

रहली में थोक पटाखा गोदाम का एसडीएम ने किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार एसडीएम कुलदीप पाराशर ने रहली में थोक पटाखा लायसेंसी रचना पति प्रशांत सेधिया के गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लायसेंस, स्टॉक पंजी, सुरक्षा मानकों, अग्निशमन यंत्रों और भंडारण व्यवस्था की जांच की गई। एसडीएम ने लायसेंसी को नियमानुसार पटाखों का भंडारण करने, सुरक्षा मानकों का पालन करने और रहवासी क्षेत्र से दूर सुरक्षित बिक्री करने के निर्देश दिए।

तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला यात्रा पर रवाना

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा के लिए सागर जिले के 111 तीर्थयात्रियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। चयनित तीर्थयात्रियों को शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर सागर से बीना जंक्शन के लिए रवाना किया गया। अपर कलेक्टर अविनाश रावत एवं संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट परिसर से तीर्थयात्रियों को लेकर जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर बीना जंक्शन के लिए रवाना किया। यहां से तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला की तीर्थ यात्रा पर जाएंगे।

आयुष्मान एवं ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड बनवाने के लिए शिविर आयोजित

सागर। जिला अधिवक्ता संघ, सागर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए ए.डी.आर. भवन में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही के लिए मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया गया। शिविर के माध्यम से लगभग 240 अधिवक्ता एवं न्यायिक कर्मचारी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एम.के. शर्मा, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विवेक सिंह रघुवंशी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संतोष सैनी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, सचिव जितेन्द्र राठौर, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिव्या भलावी सहित मुख्यालय के अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने उपस्थितजनों को ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व एवं आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा शासकीय सेवाओं तक उनकी पहुंच सरल बनाना रहा। शिविर के समापन पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे ने कार्यक्रम में विशेष रुचि लेकर आत्मीय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के. शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

आवासीय मकान में छिपाकर रखे 9 लाख के पटाखे जब्त

मोतीनगर पुलिस की लगातार दूसरे दिन कार्रवाई, 29 कार्टून पटाखे बरामद; ट्रांसफार्मर के पास था भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दीपावली से पहले अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ सागर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। थाना मोतीनगर पुलिस ने शनिवार को आवासीय कॉलोनी स्थित एक मकान से करीब 9 लाख रुपए कीमत के 29 कार्टून विभिन्न प्रकार के पटाखे जब्त किए। पटाखों का भंडारण घनी आबादी के बीच किया गया था और मकान के पास ही विद्युत ट्रांसफार्मर भी स्थित था। ऐसे में हादसे की आशंका बनी हुई थी।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 24 अक्टूबर को मोतीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धर्माश्री के पास आवासीय कॉलोनी में एक मकान में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखे रखे गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।



पुलिस ने रोशन पिता स्व. सूरज वली केशरवानी, निवासी कटरा भीतर बाजार, वर्तमान निवासी धर्माश्री के पास आवासीय कॉलोनी के मकान की तलाशी ली। यहां 29 कार्टूनों में विभिन्न प्रकार के पटाखे रखे मिले। पुलिस ने पटाखों की अनुमानित कीमत करीब 9 लाख रुपए बताई है। प्रारंभिक पूछताछ में दीपावली पर बिक्री के लिए बिना लाइसेंस पटाखे रखने की बात सामने आई है।

घनी आबादी में था भंडारण

जिस मकान में पटाखे रखे गए थे, उसमें परिवार भी निवास करता है। आसपास घनी आबादी होने के साथ मकान के पास विद्युत ट्रांसफार्मर स्थित होने से आग या विस्फोट की स्थिति में गंभीर हादसा हो सकता था। पुलिस ने पटाखे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। मामले में पूछताछ और वैधानिक कार्रवाई जारी है।

लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई

थाना प्रभारी जसवंत राजपूत के नेतृत्व में मोतीनगर पुलिस की यह लगातार दूसरे दिन अवैध पटाखों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई है। पुलिस ने बताया कि जिले में अब तक अवैध विस्फोटक सामग्री और पटाखों के खिलाफ 15 से अधिक कार्रवाई की जा चुकी हैं। दीपावली तक अभियान लगातार जारी रहेगा।

पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

सागर पुलिस ने नागरिकों से अवैध पटाखों के भंडारण, बिक्री या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 7701055235 जारी किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि दीपावली सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं तथा आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों का भंडारण न करें।

ढाना पुलिस ने 24 घंटे में बाइक चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

चौकी ढाना पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद कर ली। कार्रवाई चौकी प्रभारी सत्यव्रत धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

जानकारी के अनुसार 21 एवं 22 अक्टूबर की दरमियानी रात ग्राम बंसिया, चौकी ढाना, थाना सुरखी क्षेत्र में फरियादी चरण गौड़ के घर के आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात आरोपी ने ताला तोड़कर चोरी कर ली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर कमलेश पिता रामक्रेश गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त कर ली।पुलिस के अनुसार कार्रवाई



चौकी प्रभारी सत्यव्रत धाकड़ के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार किए गए प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप संभव हुई।

सागर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहन सुरक्षित स्थान पर खड़े करें और अतिरिक्त सुरक्षा लॉक का उपयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या चोरी की घटना की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस चौकी को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



14 श्रद्धालुओं को पावन तीर्थ श्रवण बेलगोला की यात्रा हेतु रवाना किया

गढ़ाकोटा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत गढ़ाकोटा नगर के 14 श्रद्धालुओं को पावन तीर्थ श्रवण बेलगोला की यात्रा हेतु गणनायक से पं. गोपाल भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने सभी श्रद्धालुओं का माला पहनाकर, श्रीफल एवं मिठाई भेंट कर आत्मीय स्वागत कर निजी वाहन से सागर रेलवे स्टेशन रवाना किया गया। तथा उनकी सुखद, सुरक्षित, मंगलमय एवं सफल तीर्थ यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

एआईसीसी के वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को लेकर सागर शहर-ग्रामीण की संयुक्त बैठक आज

सागर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे वोट बचाओ देश बचाओ - वोट चोरी के विरुद्ध अभियान को लेकर सागर में बैठक का आयोजन किया गया है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर एवं विधायक अमित सुभाषराव झनक का सागर दौरा 25 अक्टूबर को हो रहा है। इसमें सहप्रभारी पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया एवं जिला तथा विधानसभा प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे। जाटव ने बताया कि इस दौरे के तहत सागर शहर और ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मुहासा के साथ संयुक्त पदाधिकारी बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता कमलेश तिवारी ने बताया कि तिली रोड स्थित अमन मैरिज गार्डन में चैतन्य हॉस्पिटल के पास 25 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे से जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी सागर द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

देवरी से अन्य जिलों में पहुंच रही नशे की पुड़िया, तेंदुखेड़ा पुलिस ने ड्रग्स मामले में फरार आरोपी को पकड़ा

देवरीकलाँ। देवरी क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा नशे की पुड़िया का कारोबार अब अन्य जिलों तक पहुंच गया है। विगत दिवस नरसिंहपुर जिले की तेन्दुखेड़ा पुलिस ने ड्रग्स की सप्लाई के मामले में विगत 2 माह से फरार एक युवक को थाना क्षेत्र के ग्राम बेलढाना से गिरप्तार किया है। तेन्दुखेड़ा थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि विगत 25 अगस्त को थाना पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सहजपुर-तेन्दुखेड़ा मार्ग से आ रहे दो युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली जिसमें उनके पास से 8 ग्राम स्मेक पाउडर बरामद किया गया था। जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रूपये आंकी गई थी। मामले में थाना पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध विधिसंगत धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उक्त स्मेक पाउडर उनके द्वारा देवरी थाना के ग्राम बेलढाना निवासी प्रदीप दुबे से खरीदी गई थी। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। थाना पुलिस द्वारा आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी परंतु आरोपी फरार बना हुआ था विगत दिवस पुलिस को उसके घर पर होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर थाना पुलिस टीम द्वारा आरोपी को देवरी थाना के ग्राम बेलढाना स्थित उसके आवास से गिरप्तार किया गया है।

पटाखा विक्रेताओं के लिए निर्धारित स्थलों का सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट शैलेश द्विवेदी ने पटाखा विक्रय हेतु निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल स्टेडियम के पास मैदान और मकरोनिया में दीनदयाल नगर में पटाखा विक्रेताओं के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्था और दुकानों के बीच निर्धारित दूरी का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



निगमायुक्त ने संत रविदास वार्ड में डेयरियों का किया औचक निरीक्षण

भूखंड आवंटन के बाद भी डेयरी विस्थापित नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध एफआईआर एवं जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शनिवार को सुबह संत रविदास वार्ड पहुंचकर डेयरियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डेयरी विस्थापन परियोजना के अंतर्गत हफसिली में भूखंड आवंटित होने के बाद भी शहर में डेयरी संचालित करने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निगमायुक्त के निर्देश पर पांच डेयरियों के पशुओं को नगर निगम के काऊ कैचर वाहन से पकड़कर डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली भिजवाया गया।

निरीक्षण के दौरान टीकाराम यादव, राजू केसरवानी, रामभजन यादव एवं भरत यादव एवं रमेश पटैरिया की डेयरियों में पशु पाए गए। नगर निगम की टीम ने मौके पर ही पशुओं को पकड़कर जप्ती की कार्रवाई की तथा पंचनामा तैयार कर उन्हें हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन स्थल पर भिजवाया। इस दौरान टीकाराम यादव ने अपने 17 पशुओं को शाम तक तालचिरी में



शिफ्ट करने का आश्वासन दिया।

निगमायुक्त ने डेयरी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि डेयरी विस्थापन परियोजना के अंतर्गत भूखंड आवंटित होने के बाद भी शहर में डेयरियों का संचालन करना नियमों का उल्लंघन है। नगर निगम द्वारा डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए हैं। इसके बावजूद जो डेयरी संचालक अपने पशुओं को निर्धारित विस्थापन स्थल पर नहीं भेज रहे हैं, उनके विरुद्ध अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कों, गलियों एवं आवासीय क्षेत्रों में डेयरियों के संचालन से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है। पशुओं के कारण सड़कों पर गंदगी फैलने, यातायात बाधित होने तथा नागरिकों को आवागमन में परेशानी होने की शिकायतें मिलती हैं। इन समस्याओं को समाप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा डेयरी विस्थापन अभियान चलाया जा रहा है।

निगमायुक्त ने कहा कि जिन डेयरी संचालकों को हफसिली एवं अन्य निर्धारित स्थलों पर भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं, वे तत्काल अपनी डेयरियां विस्थापित करें। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ जुर्माना लगाने एवं नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डेयरी विस्थापन अभियान लगातार जारी रखा जाए तथा शहर में संचालित ऐसी डेयरियों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिनके संचालकों को भूखंड आवंटित होने के बाद भी उन्होंने डेयरियां निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित नहीं की हैं।

शहरभर में जोरदार स्वागत, पूर्व छात्रों ने साझा की स्कूल से जुड़ी यादें

गवर्नमेंट उत्कृष्ट स्कूल के 200 वर्ष पूरे, निकली अविराम साइकिल व पैदल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गवर्नमेंट उत्कृष्ट विद्यालय, सागर की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने के गौरवमयी अवसर पर शनिवार को वर्तमान एवं पूर्व छात्र-छात्राओं ने 'अविराम साइकिल एवं पैदल रैली' निकाली। स्कूल परिसर से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान 18 से अधिक स्थानों पर पुष्पमालाओं और पुष्पवर्षा से रैली का स्वागत किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने वरिष्ठ पूर्व छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पूर्वछात्र प्रसन्न सेलट, अधिवक्ता कृष्णवीर सिंह ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे और प्राचार्य सुधीर तिवारी सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र मौजूद रहे।



यह विद्यालय नहीं, पूरा परिवार है : महापौर संगीता तिवारी

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि 200 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, "यह विद्यालय नहीं, बल्कि पूरा परिवार और खानदान है।" उन्होंने स्कूल की आवश्यकताओं को शासन एवं जनभागीदारी से पूरा कराने के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया।वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र कृष्णवीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्कूल के पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं और संस्मरण सुनते हुए उनकी आंखें नम हो गईं। महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने भी स्कूल से जुड़े पुराने संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि उनके पिता सहित परिवार के कई सदस्य इसी विद्यालय से पढ़े हैं।

साइकिल रैली के साथ विद्यार्थियों ने किया पैदल मार्च

रैली में बालकों और छात्राओं की साइकिल रैली अलग-अलग निकाली गई। विद्यार्थियों ने गोपालगंज वार्ड में पैदल मार्च कर विद्यालय की 200 वर्ष की गौरवशाली यात्रा से जुड़े नारे लगाए। रैली में बुंदेली संस्कृति की झलक भी दिखाई दी। वृंदावन बाग मठ का 'गजानंद हाथी' रैली का नेतृत्व कर रहा था, जबकि बुंदेली वाद्य यंत्रों ने माहौल को आकर्षक बना दिया। रैली का सिविल लाइन, गोपालगंज, परकोटा, तीनबत्ती, कटरा चौकी, नगर निगम सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर पूर्व छात्रों और नागरिकों ने स्वागत किया। गोपालगंज खांडेकर चौक पर श्यामलम संस्था, ऋषिकुल विद्यालय और बुंदेलखंड विकास मंच के सदस्यों ने पुष्पवर्षा की।

1961 से 1990 के दशक तक के पूर्व छात्र जुटे

द्विशताब्दी समारोह में विभिन्न दशकों के पूर्व छात्रों की मौजूदगी खास आकर्षण रही। वर्ष 1961 के छात्र प्रसन्नलाल सेलट से लेकर 1964, 1969, 1974, 1976 और 1990 के दशक के अनेक पूर्व छात्र शामिल हुए।

इनमें डॉ. राजेश शुक्ला, ब्रजभूषण पाठक, नरेन्द्र चौकसे, कृष्णवीर सिंह ठाकुर, डॉ. रणजीत सिंह, अंकलेश्वर दुबे, विनय चौबे, विद्यासागर उपाध्याय, अखिलेश पाठक, हृदेश पाटकार सहित अनेक पूर्व छात्र मौजूद रहे।प्राचार्य सुधीर तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया। विद्यार्थियों का उत्साह, पूर्व छात्रों की भावुकता और शहरवासियों का आत्मीय स्वागत आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा।

आज निकलेगी वाहन अविराम रैली

द्विशताब्दी समारोह के तहत रविवार सुबह 10 बजे पूर्व विद्यार्थियों की 'वाहन अविराम रैली' निकाली जाएगी। इसे भी विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

पढ़ाई के साथ कौशल सीखें, स्वरोजगार से बनें आत्मनिर्भर : कपिल मलैया

सागर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पगारा मार्ग में शनिवार को स्वरोजगार एवं स्वावलंबन विषय पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक एवं विचार समिति के अध्यक्ष कपिल मलैया ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कपिल मलैया ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ छोटे-छोटे कार्यों और विभिन्न कौशलों को सीखकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इससे उनमें कार्यकुशलता और आत्मविश्वास विकसित होगा। उन्होंने शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान को भी जरूरी बताते हुए कहा कि युवा अपनी क्षमताओं का उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के व्यवस्थापक सुनील सराफ, स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के पूर्णकालिक कार्यकर्ता रविंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य रुचि मिश्रा, प्रधानाचार्य शोभा भारद्वाज सहित आचार्य परिवार उपस्थित रहा। अंत में सुनील सराफ ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



विश्वविद्यालयः सतर्कता जागरुकता माह 2026 के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विवि के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता माह–2026 के अंतर्गत मेरे साथ सत्यनिष्ठा की शुरुआतः भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का निर्माण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सत्यनिष्ठा, नैतिकता, पारदर्शिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा लेखन के माध्यम से भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतिभागियों ने भ्रष्टाचार की रोकथाम, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, नैतिक आचरण तथा सुशासन के महत्व जैसे विषयों पर अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कलेक्टर बोले: लड़की ढूंढो, शादी का खर्च सरकार से दिलवा देंगे

अनोखी मांग: साहब! नौकरी, सड़क राशन नहीं, मुझे तो दुल्हन चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

आमतौर पर प्रशासनिक चौपालों में लोग नौकरी, राशन, सड़क, बिजली और पानी जैसी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, लेकिन जिले की ग्राम पंचायत शिवपुरी कुण्डेश्वर में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित चौपाल में एक युवक ऐसी फरियाद लेकर पहुंचा कि अधिकारी भी हैरान रह गए। 22 वर्षीय शिवम राय ने न तो नौकरी मांगी, न सड़क बनवाने की गुहार लगाई और न ही राशन की समस्या बताई। उसकी मांग थी कि साहब, मेरी शादी करवा



दीजिए, मुझे दुल्हन दिलवा दीजिए। युवक की इस अनोखी फरियाद पर चौपाल में मौजूद लोगों के चेहरों पर मुस्कान तैर गई। फिर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के एक मजेदार जवाब ने माहौल को जनता द्वारा लगाये गये ठहाकों से भर दिया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में लगी अनोखी फरियाद

दरअसल, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत ग्राम पंचायत शिवपुरी कुण्डेश्वर में आयोजित प्रशासनिक चौपाल में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के 22 वर्षीय शिवम राय ने अपनी शादी की समस्या अधिकारियों के सामने रख दी। युवक पहले जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़ के पास पहुंचा और उनसे शादी करवाने की फरियाद करने लगा। शिवम की मांग सुनकर सीईओ धाकड़ भी कुछ पल के लिए अचंभित रह गए। उन्हें समझ नहीं आया कि इस अनोखी समस्या का क्या समाधान निकाला जाए। आखिरकार उन्होंने युवक को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के पास भेज दिया। इसके बाद शिवम सीधे कलेक्टर श्रोत्रिय के सामने पहुंचा और अपनी शादी कराने की गुहार लगाने लगा। युवक की फरियाद सुनकर कलेक्टर श्रोत्रिय भी मुस्कुराए और उन्होंने शिवम से कहा कि लड़की तो तुम्हें ही ढूंढनी पड़ेगी, शादी के खर्चे का इंतजाम हम सरकार के माध्यम से करवा देंगे। कलेक्टर श्रोत्रिय के इस जवाब के बाद चौपाल में मौजूद लोग जोर-जोर से हंसने लगे। कुछ देर के लिए गंभीर प्रशासनिक चौपाल का माहौल भी खुशनुमा हो गया।

गुटखा-पान छोड़ो, पहले दांत तो साफ करो

शिवम की शादी की फरियाद पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने जब मजाकिया अंदाज में उसे समझाया तो उनकी बात सुनकर लोगों की हंसी और बढ़ गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने युवक से कहा कि लड़की तो आपको ढूंढनी पड़ेगी, खर्चे का इंतजाम हम करवा देंगे। लेकिन तुम गुटखा-पान खाते हो, इसलिए तुम्हारे दांत साफ नहीं हैं। ऐसे में लड़की वाले कैसे आएंगे? कलेक्टर श्रोत्रिय की इस चुटीली टिप्पणी ने चौपाल में बैठे लोगों को खूब गुदगुदाया। युवक शिवम की शादी की चिंता और कलेक्टर श्रोत्रिय का यह बेबाक जवाब चर्चा का विषय बन गया। हालांकि, हंसी-मजाक के बीच शिवम की परेशानी भी सामने आई। युवक का कहना है कि उसकी शादी के लिए लड़की वाले आते तो हैं, लेकिन उसके घर तक पहुंचने से पहले ही वापस लौट जाते हैं। शिवम ने आरोप लगाया कि मोहल्ले के कुछ लोग रास्ते में लड़की वालों को उसके बारे में उल्टी-सीधी बातें बताकर बरगला देते हैं। इसके चलते लड़की वाले उसके घर तक पहुंचने के बजाय रास्ते से ही लौट जाते हैं। युवक के मुताबिक, इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं।

शादी सामाजिक मामला, पंचायत निकाले समाधान

शिवम की मांग पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं से जुड़ी समस्याओं और आम जनता की गंभीर शिकायतों का निराकरण करना है। इसलिए फिलहाल हितग्राहीमूलक योजनाओं और अन्य जरूरी जनसमस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि शिवम अभी करीब 20-22 साल का युवक है और शादी एक सामाजिक विषय है। इस मामले में ग्राम पंचायत के लोगों को आगे आकर समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जब शिवम अपने लिए लड़की ढूंढ ले, तब उसकी शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से कराने की व्यवस्था की जा सकती है।

अनोखी फरियाद पर कलेक्टर का मजेदार जवाब वायरल

शिवपुरी कुण्डेश्वर की इस चौपाल में शिवम राय की फरियाद ने यह भी दिखाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी निजी और सामाजिक परेशानियां लेकर प्रशासन तक पहुंचने लगे हैं। कोई रोजगार के लिए आवेदन करता है, कोई राशन और सड़क की समस्या बताता है, तो कोई अपनी शादी की चिंता लेकर अधिकारियों के सामने खड़ा हो जाता है। शिवम की फरियाद भले ही प्रशासनिक चौपाल में हंसी-मजाक का कारण बनी, लेकिन उसके पीछे उसकी शादी को लेकर चिंता भी छिपी है। अब देखना यह है कि युवक की दुल्हन तलाशने की मुहिम कब पूरी होती है।

कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

जनविश्वास शिविर में आए 73 आवेदन, 41 का निराकरण, उद्यमियों को मिले लाखों रुपये

कलेक्टर ने आवेदनों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



प्रशासन आपके द्वार की अवधारणा को साकार करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत टीकमगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुंडेश्वर में जनसंवाद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्रामीणों की समस्याएं और मांगें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 41 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें से 15 आवेदकों को राजस्व अभिलेखों में सुधार के बाद मौके पर ही संशोधित अभिलेख उपलब्ध कराए गए। वहीं, उद्योग विभाग से संबंधित तीन आवेदनों का भी निराकरण किया गया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने राजस्व अभिलेखों में सुधार, भूमि संबंधी विवादों, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, संबल कार्ड बनवाने, सड़क निर्माण एवं मरम्मत तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी जोर दिया गया। जनसंवाद शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने की पहल भी की गई। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की। ग्राम कुंडेश्वर निवासी गीता यादव को सेंटरिंग ग्रेडिंग इकाई स्थापित करने के लिए 30 लाख 20 हजार 800 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम हरपुरा मड़िया निवासी अनीता अहिरवार को 30 लाख रुपये तथा ग्राम अस्तौन में गौरी स्व-सहायता समूह की कुसुम विश्वकर्मा को एक लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस प्रकार तीनों हितग्राहियों को कुल 61 लाख 70 हजार 800 रुपये की सहायता स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी गई। शिविर में उद्यम संवाद के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने योजनाओं के माध्यम से आजीविका के नए अवसर विकसित करने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। प्रशासन की मंशा है कि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान और योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, संध्या सोनी, स्वप्निल तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़, एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेंडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गोलीकांड व हत्या के 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपी गिरफ्तार

पिस्टल व बाइक जब्त, 22 साल पुरानी जमीन की रंजिश में की गोली मारकर हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में पुरानी जमीनी रंजिश के चलते तुलसी अहिरवार की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई देशी अवैध पिस्टल और अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे ग्राम दिगौड़ा में 22 साल पुरानी जमीनी रंजिश के चलते आरोपी शिवाजी राजा परमार ने देशी अवैध पिस्टल से तीन गोलियां चलाकर तुलसी अहिरवार की हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलने पर दिगौड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। गंभीर वारदात को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने तत्काल संज्ञान लेकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाहा एवं जतारा एसडीओपी अनिल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिगौड़ा मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शिवाजी राजा परमार, नारायण सिंह उर्फ तुलसी राजा परमार और अनिकेत राजपूत शामिल हैं। पुलिस ने विवेचना के दौरान शिवाजी राजा परमार की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त देशी अवैध पिस्टल तथा अनिकेत राजपूत की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 296(बी), 351(3) एवं 3(5) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

फर्जी बिल से खुला खेल, नैनवारी के पास देर रात कृषि विभाग की दबिश, चार लोगों पर एफआईआर के निर्देश

खाद की कालाबाजारी पर सख्ती, टैक्सी से यूरिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



रबी सीजन में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और उर्वरकों के अवैध भंडारण, परिवहन तथा अनियमित खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग की सख्ती लगातार जारी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर कृषि उप संचालक मनोज कश्यप के नेतृत्व में की जा रही कार्रवाई के बीच एक और मामला सामने आया है। कृषि विभाग की टीम ने देर रात बुडेरा मार्ग पर नैनवारी गांव के पास बिना नंबर की टैक्सी से यूरिया की 30 बोरियां जब्त की हैं। जांच के दौरान खाद के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। मेसर्स नरेंद्र एंड संस, टीकमगढ़ के नाम से प्रस्तुत बिल को फर्म संचालक ने अपना जारी किया हुआ बिल मानने से इनकार कर दिया। जांच में बिल एआई की मदद से बनाए जाने की बात सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया। कृषि विभाग ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ बुडेरा थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृषि उप संचालक मनोज कश्यप की टीम अवैध खाद भंडारण और परिवहन के विरुद्ध अभियान के तहत निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बुडेरा मार्ग पर नैनवारी गांव के पास देर रात एक बिना नंबर की टैक्सी में यूरिया खाद का परिवहन किए जाने की जानकारी मिली। टीम ने वाहन को रोककर जांच की तो उसमें यूरिया की 30 बोरियां मिलीं। इसके बाद खाद के स्वामित्व, खरीद और परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल शुरू की गई। जांच के दौरान टैक्सी चालक नीरज अहिरवार ने कृषि विभाग की टीम को बताया कि खाद दिलीप असाटी और नीलेश यादव की है। इस दौरान मेसर्स नरेंद्र एंड संस, टीकमगढ़ के नाम का बिल भी दिखाया गया। हालांकि, जब विभागीय टीम ने संबंधित फर्म के संचालक से बिल के संबंध में जानकारी ली, तो उन्होंने बिल जारी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दस्तावेज की जांच में बिल एआई की मदद से तैयार किए जाने की बात सामने आई। इस घटनाक्रम ने खाद की खरीद-बिक्री और परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब इस मामले में जांच के दौरान यह स्पष्ट होना महत्वपूर्ण होगा कि बिल किसने तैयार किया और खाद की वास्तविक खरीद-बिक्री किसके बीच हुई थी। टैक्सी चालक नीरज अहिरवार ने पूछताछ के दौरान बताया कि उक्त यूरिया खाद रवि तिवारी के माडूमर स्थित घर से 350 रुपये प्रति बोरी की दर से खरीदी गई थी। जब्त की गई 30 बोरियों की कुल कीमत 10 हजार 500 रुपये बताई गई है। कृषि विभाग ने खाद के भंडारण, खरीद-बिक्री और परिवहन से संबंधित परिस्थितियों की जांच करते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई है। बिना नंबर की टैक्सी से खाद ले जाने और प्रस्तुत बिल की प्रामाणिकता पर सवाल उठने के बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। कृषि विभाग ने अवैध परिवहन, भंडारण, फर्जी दस्तावेजों तथा खाद की खरीद-बिक्री से जुड़े आरोपों के संबंध में नीरज अहिरवार, रवि तिवारी, दिलीप असाटी और नीलेश यादव के खिलाफ बुडेरा थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान जब्त की गई यूरिया की 30 बोरियों और टैक्सी को थाने में रखवाया गया है। मामले में पुलिस और संबंधित विभाग की जांच के जरिए खाद के स्रोत, दस्तावेज तैयार करने और उसके परिवहन से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जाएगी। रबी सीजन में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन के सामने महत्वपूर्ण चुनौती है। ऐसे समय में खाद के अवैध भंडारण, अनधिकृत परिवहन और संदिग्ध दस्तावेजों के जरिए खरीद-बिक्री की आशंका किसानों की परेशानी बढ़ा सकती है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं कृषि उप संचालक मनोज कश्यप के नेतृत्व में की जा रही कार्रवाई का उद्देश्य खाद वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखना और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है। नैनवारी के पास हुई इस कार्रवाई में 30 बोरी यूरिया की जब्ती के साथ बिल की प्रामाणिकता का मामला भी सामने आया है। अब जांच में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि खाद कहां से लाई गई, उसका भंडारण किस आधार पर किया गया और प्रस्तुत बिल किसने तैयार किया। प्रशासन की कार्रवाई के बीच किसानों की निगाहें इस बात पर भी रहेंगी कि जिले में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ अवैध कारोबार के मामलों में आगे क्या कार्रवाई होती है।

डीपीसी ने सीएम राइज का किया निरीक्षण, परखी गतिविधियां



पलेरा। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ने पलेरा स्थित सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण कार्य और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद डीपीसी नवभारत साक्षरता कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर साक्षरता अभियान के तहत संचालित गतिविधियों और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीएम राइज स्कूल के निरीक्षण के दौरान डीपीसी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में शिक्षण कार्य, विद्यार्थियों को उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं तथा विद्यालय में संचालित गतिविधियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। निरीक्षण का उद्देश्य स्कूल की व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर ध्यान देना रहा। इसके बाद डीपीसी ने नवभारत साक्षरता कार्यालय पहुंचकर वहां कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों, गतिविधियों की प्रगति और कार्यालयीन व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान साक्षरता अभियान के क्रियान्वयन तथा विभागीय कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। शिक्षा विभाग के विद्यालयों और कार्यालयों का निरीक्षण शैक्षणिक गुणवत्ता तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे निरीक्षणों के माध्यम से अधिकारियों को जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों की जानकारी मिलती है और आवश्यकतानुसार व्यवस्थाओं में सुधार की दिशा में कदम उठाए जा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान बीआरसी पुष्पेंद्र पाठक एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य महेश रावत मौजूद रहे।

ई-विकास पोर्टल पर 3,626 किसानों ने कराई बुकिंग, 10 खुदरा विक्रेताओं को नोटिस

किसान फसलों में संतुलित उर्वरक का ही करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रबी फसलों की बोवनी के बीच डीएपी खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर किसानों की चिंता दूर करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने डीएपी के विकल्पों की जानकारी दी है। वैज्ञानिकों के मुताबिक किसान गेहूं, चना, मटर, मसूर और सरसों सहित अन्य रबी फसलों में जरूरत के अनुसार ट्रिपल सुपर फास्फेट (टीएसपी), अन्नदाता और एनपीके उर्वरकों का उपयोग कर सकते हैं। वहीं, जिले में खाद वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग जारी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अनुसार, 24 अक्टूबर को शाम पांच बजे तक कुल 3,626 किसान उर्वरक की बुकिंग करा चुके थे। अब खरगापुर गोदाम भी पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगा है, जिससे किसान वहां से खाद प्राप्त करने के लिए भी बुकिंग कर सकेंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार तथा वैज्ञानिक डॉ. यूएस धाकड़ और डॉ. एसके जाटव ने किसानों को रबी फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह दी है। वैज्ञानिकों ने बताया कि जिले में ट्रिपल सुपर फास्फेट (टीएसपी) उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसमें लगभग 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है, जबकि डीएपी में लगभग 46 प्रतिशत फास्फोरस के साथ 18 प्रतिशत नाइट्रोजन भी मौजूद रहती है। ऐसे में टीएसपी फसल को फास्फोरस उपलब्ध कराने का विकल्प बन सकता है, लेकिन इसमें नाइट्रोजन नहीं होती। इसलिए फसल की आवश्यकता के अनुसार यूरिया या अन्य उपयुक्त नाइट्रोजनयुक्त उर्वरक का उपयोग भी करना होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार, किसान डीएपी के स्थान पर टीएसपी के साथ यूरिया और आवश्यकतानुसार म्यूरेट ऑफ पोटाश का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा अन्नदाता उर्वरक (20:20:0:13) और एनपीके (12:32:16) भी फसल की जरूरत के अनुसार विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, उर्वरकों का चयन केवल उपलब्धता के आधार पर नहीं, बल्कि मिट्टी की स्थिति, मृदा परीक्षण और फसल की पोषक तत्व संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर करना चाहिए। उर्वरकों की मात्रा तय करते समय उनमें मौजूद पोषक तत्वों का हिसाब रखना जरूरी है, ताकि फसल को संतुलित पोषण मिल सके और अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। कृषि वैज्ञानिकों ने रासायनिक उर्वरकों के साथ जैव उर्वरकों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया है। दलहनी फसलों में राइजोबियम और गेहूं में एजोटोबैक्टर का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही सभी फसलों में पीएसबी, केएसबी और जेडएसबी जैसे जैव उर्वरकों के समुचित उपयोग की अनुशंसा की गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उचित उर्वरक प्रबंधन से पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने और मिट्टी की सेहत बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

खाद लेने से इनकार करने वाले 10 विक्रेताओं को नोटिस





खाद वितरण के बीच थोक विक्रेताओं से उर्वरक उपलब्ध होने के बावजूद उसे स्वीकार नहीं करने का मामला भी सामने आया है। कलेक्टर श्रोत्रिय के मुताबिक, थोक विक्रेताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए उर्वरक को 10 खुदरा विक्रेताओं ने स्वीकार नहीं किया। इस मामले में संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि यदि विक्रेता उर्वरक स्वीकार नहीं करते हैं, तो उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि ई-विकास पोर्टल की व्यवस्था किसानों को सीधे उर्वरक की उपलब्धता से जोड़ने के उद्देश्य से लागू की गई है। इससे खाद वितरण में बिचौलियों की आवश्यकता कम होगी और किसान स्वयं बुकिंग कर सकेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी बोवनी के लिए समय है, इसलिए जो किसान किसी कारण से अब तक बुकिंग नहीं करा पाए हैं, वे भी पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं।

वितरण केंद्रों पर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी एसडीएम को

खाद वितरण केंद्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने संबंधित एसडीएम को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। बुकिंग से लेकर उर्वरक उठाव तक की प्रक्रिया में किसानों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। एक ओर कृषि वैज्ञानिक किसानों को डीएपी के विकल्पों और संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जागरूक कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन पोर्टल के जरिए खाद वितरण को व्यवस्थित करने में जुटा है। ऐसे में किसानों के लिए जरूरी है कि वे अपनी फसल और मिट्टी की जरूरत के अनुसार उर्वरक का चयन करें तथा समय पर बुकिंग कर निर्धारित तारीख तक खाद का उठाव करें।

खरगापुर गोदाम भी पोर्टल से जुड़ा 3,626 किसानों ने कराई बुकिंग

दूसरी ओर, जिले में खाद वितरण की स्थिति पर जानकारी देते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि 24 अक्टूबर को शाम पांच बजे तक ई-विकास पोर्टल के माध्यम से 3,626 किसान उर्वरक की बुकिंग कर चुके थे। अब खरगापुर गोदाम भी पोर्टल पर प्रदर्शित हो गया है, जिससे किसान वहां के लिए भी बुकिंग कर सकेंगे। जिन किसानों के टोकन पहले ही बुक हो चुके हैं और खाद उठाव की अंतिम तारीख 27 या 28 अक्टूबर निर्धारित है, वे तय समयसीमा के भीतर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि शनिवार, 24 अक्टूबर को अवकाश होने के बावजूद किसानों की सुविधा के लिए सभी गोदामों और सहकारी समितियों में उर्वरक बुकिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को खाद लेने में परेशानी न हो। प्रशासन का प्रयास है कि बुकिंग और वितरण की प्रक्रिया सुचारु बनी रहे तथा किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके।

एक दिन चलकर रह गया प्रशासन का अतिक्रमण विरोधी अभियान

जो दुकानें सड़कों से हटाई थी वो दूसरे दिन ही सज गईं उसी जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शुक्रवार को प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में एसडीएम ने जिन दुकानों के सामानो को सड़कों पर से हटाकर बाजार चौड़ा किया था शनिवार को वह दुकाने दूसरे दिन ही वापस वही सड़कों पर जमीं दिखाई दी जहां से उन्हें हटाया था। प्रशासन की एक दिन की इस कार्रवाई पर लोग सवाल उठा रहे हैं। हालांकि इस मामले में नगर पालिका मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को शनिवार के दिन भी समझाइश देने की बात कह रही है लेकिन बाजार में कहीं इसका असर दिखाई नहीं दिया। अब रविवार को भी सरकारी कर्मचारियों का अवकाश रहने से यह अभियान दो दिन तक कम से कम बंद ही रहेगा। और आगे चलेगा भी या नहीं यह भी समझ नहीं आ रहा है।

दीपावली त्योहार के मद्देनजर शहर में बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के उद्देश्य से कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम गगन सिंह मीणा के नेतृत्व में अस्थाई अतिक्रमण हटाओ मुहीम शुरू हुई, जिसमें एसडीओपी आनंद कुमार राय, यातायात प्रभारी संजय राजपूत, सीएमओ नरेन्द्र जाटव, आरआई नपा शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी सत्यभानु जाटव समेत आरआई, पटवारी एवं नगर पालिका का अमला एवं पुलिस बल मौजूद रहा। इस दोरान एसडीएम मीणा ने दुकानदारो से दो टूक शब्दो में कहा कि दुकान की हद में रहें, अगर नाले या सड़क पर आये तो सामान जप्त हो जायेगा। इस दोरान टीम ने 30 दुकानदारो पर चालानी कार्यवाही करते हुए 26 हजार 700 रूपये वसूल किये है त्यौहारो को देखते हुए शहर में बढ़ रहे यातायात के दबाव को मैनेज करने एवं दुकानों के आगे अस्थाई अतिक्रमण करने वाले दुकानदारो के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन यह अभियान शुक्रवार के बाद शनिवार को कहीं देखने को नहीं मिला इससे प्रशासन के उस दावे की पोल खुलकर नजर आ रही है जिसमें रोजाना बाजार में अभियान चला कर अतिक्रमण हटाने के बात कही गई है।



पार्किंग नहीं होने से प्रशासन भी निरुत्तर

हालांकि एसडीएम के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में दुकानों के आगे खड़ी बाइकों को हटाकर बाजार से यातायात बहाल कराया गया इससे पहले भी यातायात विभाग दो-तीन दिनों से लगातार दुकानों के आगे से बाइक हटाने का काम कर रहा है आगे भी यह अभियान चलेगा लेकिन शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग मजबूरी में बाइक उन दुकानों के आगे खड़ी कर रहे हैं जहां से उन्हें सामान खरीदना पड़ता है हालांकि नगर पालिका ने कुछ जगह पार्किंग के नाम पर होर्डिंग लगाए हैं लेकिन उस स्थान पर भी अतिक्रमण है या फिर वह ऐसे स्थान पर है जहां से बाइक चोरी होना बेहद आसान है ऐसी स्थिति में ग्राहक अपनी बाइकों को चोरी होने से बचाने के लिए भी दुकानों का आगे बाईक खड़ी करने को मजबूर है। पार्किंग के नहीं होने की कारण प्रशासन को भी लोगों के सवाल पर कई बार निरुत्तर होना पड़ता है।

फेरी वालों की मजबूरी, काम है जरूरी

हालांकि यातायात की बदहाल स्थिति बाजार में जगह-जगह लगे हाथ ठेलों के कारण हैं इन हाथ ठेलो के व्यवसायी (फेरी वाले) चाट, फल इतियादी सामान बेचते हैं। हर दुकान के आगे ठेले लगे होने से सड़कों पर अतिक्रमण अधिक हो रहा है जिससे बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है प्रशासन में सड़कों पर लगे ठेलों को भी हटाने और उनके मालिकों को दोबारा ठेले सड़क पर न लगाने की चेतावनी दी है लेकिन फेरी वालों का कहना है कि वह रोजाना इसी तरह सड़क पर आकर अपनी आजीविका चलाते हैं अगर एक दिन भी उन्हें बाजार में ठेला नहीं लगाने दिया जाता है तो उनके घर पर भूखे मरने की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसलिए बाजार में ठेला लगाना भी जरूरी है। प्रश्न ही उठ रहा है कि अगर बाजार से ठेले हटाए जा रहे हैं तो उन्हें एक अच्छा स्थान (होकर्स जोन) मुहैया कराया जाए। जहां वह आराम से सम्मानजनक रूप से अपना व्यवसाय कर सके।

इनका कहना..

एसडीएम और सीएमओ के निर्देश शनिवार को पाली रोड पर जहां शुक्रवार को अतिक्रमण हटाया था नगर पालिका अमले ने पहुंचकर दोबारा अतिक्रमण हटाने और 17 लापरवाह दुकानदारों पर 14 हजार 600 का जुर्माना किया। सोमवार से अभियान फिर पूरी सख्ती के साथ चलाया जायेगा

सत्यभानू जाटव
एचओ नपा श्योपुर

गांधीवादी नेता पूर्व विधायक सत्यभानु की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, फल वितरण

सहरिया समाज के साथ अमिट योगदान रहा चौहान का:भीमसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पूर्व विधायक सत्यभानु सिंह चौहान का सहरिया समुदाय के साथ अमिट योगदान रहा उन्होंने 60 साल के राजनीतिक सामाजिक सफर में हमेशा सहरिया जनजाति और दलित समुदाय के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए । यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता भीमसेन शर्मा ने पूर्व विधायक सत्यभानु सिंह चौहान की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्बोधन देते हुए कही। इस दौरान आदिवासियों को फल वितरण किए गए।

चंबल के गांधी के नाम से पहचाने जाने वाले श्योपुर के पूर्व विधायक सत्यभानु चौहान की दूसरी पुण्य तिथि शनिवार को सहरिया आदिवासी बस्ती कलारना गांव में गांधी विचार मंच ने श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई। जहाँ फल वितरण भी किया गया।इस दौरान समाजसेवी कैलाश पाराशर ने पूर्व दिवंगत विधायक चौहान को जिला बनाओ आंदोलन का अगुआ बताते हुए कहा कि वे जेल भरो आंदोलन के पहले दल मे शामिल होकर जेल गए ओर जीवन भर गरीबों ओर सर्वधर्म सद्भाव के लिए प्रयास रत रहे। इस दौरान उनके पुत्र पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने कहा कि पिताजी के कार्यों ओर उनके सर्वहारा वर्ग के उत्थान सहित श्योपुर जिले के विकास के प्रयासों को पूरी मजबूती से आगे बढ़ाने की सोच को आगे बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान गांधीवादी जयसिंह जादौन, आदित्य चौहान ने गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम का गायन किया। इस दौरान सौरभ चौहान, अमित चौहान, अनवर बालापुरी, रज्जाक अहमद, गौरव चौहान, प्रशांत भदौरिया, प्रकाश आदिवासी, राजू वैष्णव, नासिर खान,शखावत खान, पुष्पराज यादव, वाहिद खान, निशांत चौहान, सुगन आदिवासी, मुरारी आदिवासी, विशाल सुमन, ओमप्रकाश आदिवासी, रामचरण आदिवासी, रज्जाक खान दुल्ली आदिवासी सहित अनेक लोग श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

मौत का शॉर्टकट,पुल के पास बना गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



वैसे तो सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होना आम बात है। जिससे छोटी मोटी दुर्घटनाएं रोज होने के समाचार मिलते रहते हैं। लेकिन मानपुर से ढोढर रोड पर बालापुरा के पास नदी पर बने पुल का एक डिमेज हिस्सा ऐसा भी है जिसे मौत का शॉर्टकट बोला जा रहा है। और वह इसलिए कि अगर गाड़ी स्पीड में हो तो उसका गहरी खाई (नदी) में गिरना तय हैं और गिरने के बाद मौत भी संभव है। आश्चर्य की बात यह है कि यह कटाव बरसों से हो रहा है लेकिन शायद उस जिम्मेदार एजेंसी को दिखाई नहीं पड़ रहा जिस पर मेंटिनेंस कि जिम्मेदारी है।

मानपुर क्षेत्र के ग्राम बालापुरा के पास बने इस पुल के कटाव से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है गंभीर घटना होने के बावजूद इस कटाव को भरने का काम नहीं किया गया हालांकि रोड पीडब्ल्यूडी का है लेकिन पुल के मेंटिनेन्स को लेकर ब्रिज कॉर्पोरेशन, एरिगेशन और पीडब्ल्यूडी के बीच स्वामित्व का विवाद है। एक दूसरे के कार्य क्षेत्र में विभाग काम नहीं कर सकते हैं और जिस विभाग की जिम्मेदारी है शायद उसको इसकी खबर तक नहीं है। यही कारण है की मौत के शॉर्टकट के रूप में यह डिमेज पुल मौत बनकर खड़ा हुआ है और प्रशासन को दिखाई नहीं पड़ रहा है।

सोंई बायपास पर कई महीने से बंद स्ट्रीट लाइटें बदलीं, अब जगमग होगा हाईवे



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एनएच-552 पर सोंई बायपास के ककरेड़ी क्षेत्र में काफी दिनों से बंद पडी स्ट्रीट लाइट अब बदल दी गई है। ऐसे में अंधेरे में डूबा रहने वाला हाईवे अब रात्रि के दौरान दूधिया रोशनी में जगमग होता दिखाई पडेगा।

दरअसल स्ट्रीट लाइटो के नहीं जलने के कारण एनएच 552 के सोंई बायपास का कंकरेडी क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था। जिसकारण रात में गुजरने वाले वाहनों चालको सहित सुबह-शाम मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं यहां हादसा होने का खतरा भी उत्पन्न हो रहा था।

इस समस्या को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को फोनकर यह समस्या अवगत कराई। जिसके बाद संबंधित विभागीय कर्मचारी सोई बायपास पर पहुंचे और खराब लाइटों को हटवाकर नई स्ट्रीट लाइटें लगवाईं। अब नई लाइटें लगने से वाहन चालकों को राहत मिलेगी, वहीं सुबह-शाम घूमने निकलने वाले लोगों को भी सुविधा होगी,साथही हादसे का खतरा भी कम होगा।

अवैध रूप से कार्बाइड गन बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार, 74 अवैध कार्बाइड गन जब्त



श्योपुर। जिले में आगामी त्योहारों और सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन में कोतवाली थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कार्बाइड गन रखकर विक्रय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 74 लोहे की अवैध कार्बाइड गन जप्त की हैं। श्योपुर एसडीओपी आनंद कुमार राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जब बड़ौदा रोड स्थित सब्बार अली की हार्डवेयर दुकान पर दबिश दी गई तो दुकान में अवैध रूप से कार्बाइड गन रखकर विक्रय की जाती मिली। तलाशी के दौरान दुकान से कुल 74 लोहे की पाइप से बनी कार्बाइड गन बरामद हुईं। इन गनों में विस्फोटक पदार्थ भरने का स्थान तथा फायर छड़ लगी पाई गई, जिससे विस्फोट होने पर तेज आवाज और हानिकारक अनियंत्रित चिंगारियां निकलती हैं। यह मानव जीवन के लिए अत्यंत संकटापन्न (खतरनाक) है तथा पाइप फटने से गंभीर जनहानि की प्रबल संभावना रहती है। इस मामले में दुकानदार मोहिज अली पुत्र सब्बार अली निवासी बोहरा बाजार श्योपुर के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

वीडियो वायरल,वाहनों से अवैध वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर कोटा स्टेट हाइवे पर श्योपुर जिले की सीमा में स्थित जलालपुरा चैकी पर पदस्थ पुलिसकर्मियों के द्वारा रात्रि के दौरान चैकिंग के लिए वाहनो को रोकने संबंधी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर किसने वायरल किया है,इसका फिलहाल पता नहीं है,लेकिन वायरल वीडियो में पुलिसकर्मियों पर चेकिंग के नाम पर वसूली किए जाने और गाली गलौच किए जाने के आरोप लगाए जा रहे है। वीडियो में एक वाहन चालक यह कहता हुआ सुनाई पड रहा है कि मुझसे 200 रूपए की मांग की गई और रूपए न देने पर मेरी बिल्टी भी रख ली गई है। इस मामले में देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी का कहना है कि राजस्थान में चुनाव है,इसलिए सक्रियता दिखाते हुए वाहनों की चैकिंग की जा रही है। अवैध वसूली के आरोप सरासर गलत है।

कार्यकर्ता किसानों के बीच जाकर बताए सरकार की योजना के फायदे:शशांक

लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ अभियान के तहत किसान मोर्चा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के सच्चे हितेषी नेता है, पीएम सम्मान निधि शुरू करने वाले वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। मध्य प्रदेश सरकार उस सम्मान निधि में अपना अंशदान अलग से देकर अन्नदाता का और अधिक सम्मान कर रही है। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार में खाद बिजली पानी की कोई समस्या पूरे प्रदेश में नहीं है लेकिन विपक्ष किसानों को बरगलाकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करवा रहा हैं। सरकार के खिलाफ ऐसे झूठे कुप्रचार से किसानों को सतर्क करने का काम भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं का है आप किसानों के बीच जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उन्हें बताएं और जो दुष्प्रचार विपक्ष सरकार के खिलाफ कर रहा है उसे असफल करें। यह बात शनिवार को भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा की आयोजित बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

भाजपा किसान मोर्चा की इस बैठक में किसानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा भी हुई, इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष भूषण ने कहा कि अगर किसानों से जुड़ी कोई समस्या है तो उसे हम बैठकर सुलझा लेंगे सरकार हमारी है और इस सरकार में किसानों को कोई समस्या आए ऐसा होने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि हाल ही में वे खुद एक प्रतिनिधि मंडल लेकर भोपाल गए थे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर बिजली से जुड़ी समस्या दूर करने की मांग की थी। इसके लिए सरकार वह उपकरण भी भेज रही है जिससे समस्या दूर हो नहर में पानी की मांग हमारे द्वारा की गई थी जो आज पूरी हो गई है नहर में पानी आ चुका है, श्योपुर कृषि उपज मंडी जो बरसों से डी ग्रेड में थी अन्नदाताओं के अथक प्रयासों से ए ग्रेड में आ गई है किसानों को इस मंडी परिसर में किसी तरह की परेशानी न हो इसकी भी चिंता हमें करनी है मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ता मंडी में जाकर किसानों से चर्चा करें उनकी समस्याएं सुनें और समस्याओं का निराकरण हम सब मिलकर करेंगे।

लोनिवि ने सड़क का संशोधित प्रस्ताव तैयार करके प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा

सड़क निर्माण के प्रस्ताव में संशोधन, अब कंवरसली तक बनेगी सड़क, मिलेगा एक नया बायपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



सलापुरा से चंबल नहर होते हुए मातासूला तक जो सडक स्वीकृत हुई है,वह सडक अब मातासूला से आगे कंवरसली गांव तक बनाई जाएगी। क्योंकि लोक निर्माण विभाग ने इस सडक के निर्माण का संशोधित प्रस्ताव तैयार करके उसे प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन की ओर भिजवा दिया है। शासन से प्रशासकीय स्वीकृति जारी होते ही लोक निर्माण विभाग इस सडक का निर्माण कराए जाने की कार्रवाई शुरू कर देगा।

खास बात यह है कि चंबल नहर होते हुए इस सडक के बनने से जहां नगदी, नागदा, मातासूला और कंवरसली गांव के ग्रामीणों का जिला मुख्यालय पर आना जाना सुगमता भरा हो जाएगा, वहीं शहर श्योपुर को एक नया बायपास का विकल्प मिल जाएगा। क्योंकि यह कंवरसली तक बनाई जाने वाली यह सडक कंवरसली गांव से होकर गुजर रही ढोटी गोहेडा सोंठवा सडक में जाकर मिलेगी। ऐसे में श्योपुर से ढोटी, आसीदा, कंवरसली, गोहेडा, जारेला, बगवाडा आदि गांवो में जाने वाले ग्रामीणों को शहर के खातौली रोड से न जाते हुए सीधे इस नई सडक से होकर गुजरेगे। जिसकारण क्षेत्र के ग्रामीणों को न सिर्फ सुविधा होगी,बल्कि शहर श्योपुर को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

यहां बता दें कि जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत तिल्लीपुर के अंतर्गत आने वाला मातासूला गांव श्योपुर जिले का ऐसा अभावा गांव है, जो अभी तक पक्की सडक की सुविधा से वंचित बना हुआ है। इस गांव में पहुंचने के लिए भलेही तीन रास्ते बने हुए है,मगर तीनों ही रास्ते कच्चे है। बारिश होने पर मातासूला गांव के ग्रामीणों को इन कच्चे रास्तो से होकर अपने गांव में पहुंचने के दौरान काफी मुश्किलो का सामना करना पडता है। इसलिए मातासूला गांव सहित आसपास के गांव के ग्रामीण भी सलापुरा से चंबल नहर होते हुए मातासूला गांव तक सडक का निर्माण किए जाने की मांग काफी दिनों से उठा रहे थे और इसके लिए आंदोलन भी कर चुके है। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी भी इस सडक की स्वीकृति के लिए प्रयास कर रहे थे। जिसके बाद शासन की ओर से इस सडक को मंजूरी प्रदान करते हुए इसे बजट में शामिल कर लिया गया और अब इस सडक निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दिए जाने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से प्रस्ताव भी बनाकर भेज दिया गया है।

12 नहीं, अब साढ़े 13 किमी लंबी बनेगी सड़क

सलापुरा से चंबल नहर होते हुए जो सडक बनाई जाएगी, वह सडक 12 किलोमीटर लंबी न बनाते हुए अब करीब साढे 13 किलोमीटर लंबी बनाई जाएगी। जिसके लिए शासन की ओर से करीब 36 करोड रूपए की स्वीकृति दी गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सलापुरा से चंबल नहर होते हुए यह सडक नागदा, मातासूला होते हुए कंवरसली गांव तक बनाई जाएगी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के द्वारा संशोधित प्रस्ताव बनाकर उसकी प्रशासकीय स्वीकृति की मंजूरी पाने के लिए शासन की ओर से भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि प्रशासकीय स्वीकृति जारी होते ही लोक निर्माण विभाग इस सडक का निर्माण शुरू कराए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर देगा।

इन सड़कों का निर्माण भी जल्द होगा शुरू

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की माने तो गिलास से बालाजी का डांडा, रन्नौद से सोंठवा, सामाखाड से बावडीचापा की ओर बनने वाली सडक का निर्माण भी जल्द शुरू होने की उम्मीद बंध गई है। यह उम्मीद इसलिए बंधी है,क्योंकि लोक निर्माण विभाग के द्वारा इन सडको का निर्माण जल्द शुरू कराए जाने के लिए डीपीआर तैयार करके उसे स्वीकृति के लिए शासन की ओर भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ सडको की स्वीकृति का प्रस्ताव भेज दिया गया है,जबकि कुछ का भेजने की कार्रवाई चल रही है।

इनका कहना है...

आप जिन सडको के बारे में बता रहे है, उन सडको का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराए जाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इनमें कुछ का प्रस्ताव भेज दिया है तो कुछ का भेजने की कार्रवाई चल रही है। शासन से प्रशासकीय स्वीकृति आते ही हम इन सडकों का निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर देगे।

अनिल पटेल
कार्यपालन यंत्री लोनिवि श्योपुर

यह सडके श्योपुर के ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख सडके है,जिनका निर्माण जल्द किए जाने के लिए शासन स्तर पर बात प्रमुखता से रखी और अब लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से मुलाकात करके विस्तृत चर्चा की। उन्होने ही अवगत कराया कि इन सडकों की डीपीआर आनलाइन कर दी है। इसलिए उम्मीद है कि आगामी फरवरी मार्च तक इन सडकों का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा।

सुरेन्द्र सिंह जाट
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा,श्योपुर

पति ने की मारपीट,तो पत्नी ने दर्ज करवाई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पति के द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत पत्नी ने पुलिस में की तो इससे पति न सिर्फ नाराज हो गया,बल्कि उसने पत्नी की थापघूसो से मारपीट कर दी। जिसके बाद पत्नी ने थाने पहुंचकर पति के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज करवा दी। यह मामला कराहल थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक कराहल कस्बे के कुशवाह मोहल्ला निवासी मीना शर्मा पत्नी अरूण शर्मा ने पति के द्वारा परेशान किए जाने के संबंध में एक आवेदन करीब दो दिन पहले कराहल थाने पहुंचकर पुलिस को दिया था। कराहल थाने में आवेदन दिए जाने से पति अरूण शर्मा नाराज हो गया और उसने बहन के घर से लौट रही पत्नी की रास्ते में यह कहते हुए मारपीट कर दी कि तूने मेरे खिलाफ थाने में आवेदन क्यो दिया। इसके बाद मीना ने सीधे कराहल थाने पहुंचकर पुलिस को पति के द्वारा मारपीट किए जाने से आई चोटे दिखाते हुए पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

भाई ने कर दी चचेरी बहन से मारपीट एफआईआर दर्ज

श्योपुर। देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां कस्बे में एक भाई ने अपनी चचेरी बहन की मारपीट कर दी। मारपीट से आक्रोशित हुई चचेरी बहन ने भी अपने परिजन के साथ सीधे थाने पहुंचकर मारपीट की एफआईआर दर्ज करवा दी। देहात थाना पुलिस ने बताया कि सोंईकलां निवासी युवती दिलबर बाई पुत्री रामचरण मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की रात को चचेरे भाई रामराज मीणा ने बमूल के पेड काटकर दीवार के सहारे रख देने की बात को लेकर विवाद करते हुए मेरी डंडे से मारपीट कर दी। जिससे उसे चोटे आई है। देहात थाना पुलिस ने रामराज के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

खबर संक्षेप

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शरद पूर्णिमा महापर्व मनाया जाएगा

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शरद पूर्णिमा महापर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रविवार को शरद पूर्णिमा पर भगवान बालमुकुंद जी को खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को बंटी जाएगी उन्होंने बताया कि इस दिन विशेष शुभ योग बन रहे हैं पहला सर्वार्थ सिद्धि योग द्वितीय हर्षण योग तृतीय लक्ष्मी नारायण योग यह सभी योग शुभ कार्य में सिद्धि देने वाले हैं। आयुर्वेद के अनुसार इस प्रसाद से शरीर निरोग रहता है इसीलिए सभी भगवान को खीर का भोग लगाकर अपने-अपने घरों पर खुले स्थान पर रखते हैं।

अज्ञात कार की टक्कर से तीन घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतग्रत ग्राम खमखेडी निवासी देवेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात कार के चालक ने ग्राम इमला में टोल के समीप अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे एवं उसकी पत्नि कलाबाई और 12 वर्षीय पुत्र सूर्यांश को चोटे आई हैं।

बाइक चालक पर मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत ईदगाह पठार मोहरी रोड़ पर एक महिला की मौत हो गई थी, जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, उक्त मर्ग की जांच के बाद पुलिस ने बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडजी 1377 के चालक पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने 4 आरोपियों पर मामला दर्ज किया

अशोकनगर। स्थानीय गुना रोड़ पर टीवीएस शोरूम के पास पिछली 5 अक्टूबर को लूट की घटना हुई थी, जिसमें अज्ञात लुटेरे बाईक चालक से बाईक लूट ले गए थे। कोतवाली पुलिस ने उक्त मामले में 4 पर मामला दर्ज किया है,पुलिस ने एक आरोपी रिषभ रघुवंशी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी फरियादी आदित्य यादव निवासी बहादुरपुर की बाईक उसके दोस्त द्वारा सर्विस कराने के लिए एजेंसी पर ले जाई जा रही थी तभी टीवीएस सोरूम के पास अनिल, रिषभ युवराज और उसके एक साथी ने उसे रोककर यह कहकर कि उसने स्कूटी की किश्त नहीं भरी है जिस पर से बाईक छीन ली थी। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायंगा निवासी शंभु यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल यादव, दीपू और कृष्णा बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से दीपेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शंभु कुलदीप और प्रीति यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढी चंदेरी निवासी दौलत बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पहलवान, बुंदेल और अंकेश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से पहलवान बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दौलत बंजारा ने बोर पर पानी भरने की बात पर से उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपनगर निवासी सोनू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मवीर लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईन्दौर निवासी आशीष साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह, रामकुमार, कान्हा और दुष्यंत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी वीर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशीष साहू, महेश साहू और भीकम पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले भर की मंडियों में मक्का की बंपर आवक

मंडी में मक्का की रिकार्ड तोड़ आवक 35 हजार बोरी माल मंडी में पहुंचा





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले भर में नवरात्रि पर्व के समापन और दशहरा पर्व का अवकाश समापन होने के बाद मण्डियों में माल की आवक बडे पैमाने पर हो रही है,जिसमें मक्का रिकार्ड तोड़ रही है। अशोकनगर मंडी में 35 हजार बोरी माल की आवक होने के साथ जिले भर की मण्डियों में मक्का की रिकार्ड तोड़ आवक हो रही है। मंडियों में पैर रखने के लिए जगह नहीं है और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अगले दिन तक का इंतजार करना पड़ रहा है।

अशोकनगर मण्डी जिले की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है जो प्रदेश की प्रमुख मंडियों में गिनी जाती है। इस बार यहां के किसानों ने गतवर्ष मक्का के दामों में गिरावट होने के बाद 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का का उत्पादन कम किया था लेकिन जब मक्का पैदावार होने के बाद मंडियों में आई तो मक्का ने किसानों को मालामाल कर दिया है। मण्डियों में मक्का के दाम गतवर्ष से 1000 रूपए प्रति क्विंटल अधिक हैं एक तो माल का उत्पादन अधिक ऊपर से दाम भी अधिक मिलने के कारण किसानों ने मक्का निकलने के बाद अपनी फसल बेचने के लिए सीधे मण्डियों का रूख कर लिया है, जिसके कारण मंडी में ट्रालियां नहीं समा रही हैं। यह स्थिति जिले की अशोकनगर मण्डी के साथ, शाढौरा,मुंगावली, चंदेरी ,ईसागढ सभी मण्डियों में हैं।

मक्का के दाम इस बार 1500 से 2500 रूपए तक के हैं अच्छी मक्का 2500 रूपए क्विटंल में बिक रही है, गत वर्ष इसी मक्का के भाव 1500 रूपए प्रति क्विंटल थे। अशोकनगर मण्डी में 35 हजार बोरी मक्का की आवक हुई, जिसके कारण मण्डी में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए बारी का इंतजार करना पड़ा। मण्डी में कई किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए नीलामी बोली खत्म होने के कारण अगले दिन तक का इंतजार करना पड़ा है, मण्डी में नए सोयाबीन की 3000 बोरी आवक हुई। इस बार सोयाबीन के दाम 5800 से 6900 प्रति क्विंटल के हैं। अगर सोयाबीन के दामों में तेजी आई तो अगले वर्ष किसान सोयाबीन का उत्पादन अधिक मात्रा में कर सकते हैं। सोयाबीन की खास बात यह है कि सोयाबीन खराब नहीं होता, कितने ही साल रखा रहे, जबकि अन्य फसलें खराब हो जाती है।

शाढौरा के मिर्जा धर्म कांटे पर पसरी अव्यवस्था

शाढ़ौरा स्थित नईसराय और शाढ़ौरा के मख्य मार्ग पर स्थित मिर्जा धर्म कांटे पर फैली भारी अव्यवस्थाओं के कारण मुख्य मार्ग पर रोजाना लंबा भीषण जाम लग रहा है। इस बेतरतीब जाम की वजह से क्षेत्र में किसी भी समय बड़ी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यदि क्षेत्र में कोई गंभीर आपातकाल या दुर्घटना हो जाए, तो न तो मरीजों की जान बचाने वाली एम्बुलेंस यहां से निकल सकती है और न ही दमकल की गाड़ी इधर-उधर हो सकती है।

बिना प्रबंधन कहीं भी खड़ी हो रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

स्थानीय लोगों और राहगीरों के अनुसार, मिर्जा धर्म कांटा प्रबंधन द्वारा वाहनों की तौल और सुगम आवाजाही के लिए कोई भी पुख्ता या प्रॉपर व्यवस्था नहीं की गई है। कांटे पर फसल लेकर आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कतारबद्ध करने का कोई नियम नहीं है। इसके चलते वाहन चालक अपनी ट्रॉलियों को सड़क पर कहीं भी बेतरतीब ढंग से खड़ी कर देते हैं, जिससे पूरा रास्ता ब्लॉक हो जाता है और देखते ही देखते इस सड़क मार्ग से निकलने बाले वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

हर समय मंडरा रहा है बड़ा खतरा

रोजाना बनने वाली इस स्थिति से न सिर्फ आम राहगीर परेशान हैं, बल्कि आपातकालीन सेवाओं के पूरी तरह ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। निकलने बाले वाहन चालकों का कहना है कि यह व्यस्त मार्ग है और रोजाना इस तरह ट्रैफिक जाम होने से गंभीर समस्या पैदा हो रही है प्रशासन की अनदेखी के चलते धर्म कांटा संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं और आम जनता की सुरक्षा को ताक पर रख दिया गया है। इस सड़क मार्ग से गुजरने बाले लोगो का कहना कि जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस और संबंधित अधिकारियों इस गंभीर समस्या का तुरंत संज्ञान लेकर। धर्म कांटा संचालकों को सख्त हिदायत देकर वाहनों के लिए अलग से टोकन व्यवस्था लागू करवाई जाए, य कोई और व्यवस्था बनाई जाए ताकि सड़क पूरी तरह खाली रह सके और किसी भी संभावित बड़े हादसे को समय रहते रोका जा सके।

आए दिन गिर रहे बच्चे और जानवर

अधूरे नाले और खुले चेंबर बने हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



करोड़ो रूपये से बन रहे नगर में नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से रहवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। वार्ड क्रमांक 1 में जेल तालाब से निकलने वाली छारार से नाले का निर्माण कराया जा रहा था जो सड़क के पास नाला निर्माण अधूरा पड़ा है। वहीं खुले चेंबर और नाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, आएदिन बच्चे और जानवर खुले चेंबर व नाले में गिर रहे हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

क्षेत्र में करीब दो माह से गंदा पानी जमा होने के कारण हालात बदतर हो गए हैं। नाले में लगभग चार फीट तक पानी भरा होने और निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से आसपास के क्षेत्र में तेज बदबू फैल रही है। लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। गंदगी के कारण बीमारियों और संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है।

मोहल्ले में खुले चेंबर और अधूरे नाले राहगीरों, बच्चों तथा मवेशियों के लिए खतरा बने हुए हैं। आएदिन बच्चों और जानवरों के नाले में गिरने की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बनी हुई है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते चेंबरों को ढकने और नाले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था करने के कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार, नाला निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाना था, लेकिन 6 माह बीतने को है काम अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य बंद होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर निर्माण कार्य अधूरा क्यों छोड़ दिया गया और इसकी निगरानी की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों ने अब तक क्या कार्रवाई की?स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि खुले चेंबरों को तत्काल ढका जाए, नाले के खतरनाक हिस्सों पर सुरक्षा व्यवस्था की जाए और जमा गंदे पानी की निकासी कराई जाए। साथ ही अधूरे नाला निर्माण को जल्द पूरा कराकर लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय की जाए।

शाढ़ौरा में मस्कुलोस्केलेटल रोग निवारण शिविर आयोजित हुआ



अशोकनगर। संचालनालय आयुष, भोपाल के निर्देश के पालन में 23 अक्टूबर को जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मस्कुलोस्केलेटल रोग निवारण शिविर का आयोजन शाढ़ौरा में किया गया। शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर शाढ़ौरा द्वारा किया गया, जिसमें कुल 58 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मरीजों के रक्तचाप एवं रक्त शर्करा स्तर की जांच कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया।

युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं का 181 का हुआ चयन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय पिपरई अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पिपरई राजमणि यादव, जन भागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय पिपरई रवींद्र शुक्ला, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग से बी.एस.मीना, महा विद्यालय से स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ हेमंत समाधिया एवं लीड बैंक मैनेजर राजीव राय के आतिथ्य में संपन्न किया गया। जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि आज आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 09 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान कुल 272 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 198 का प्रारंभिक चयन हुआ और 181 आकांक्षी युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गए। युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की 9 विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवा संगम में युवक युवतियों को नशामुक्ति की जानकारी, दी गई और शपथ दिलाई गई और इसके साथ ही कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना,मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना,प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई।

पटाखा दुकान संचालकों की बैठक आयोजित

अशोकनगर। दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखों के भंडारण एवं विक्रय के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पटाखा दुकान संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विस्फोटक नियंत्रक के निर्देशानुसार निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जिले में पटाखों का भण्डारण एवं विक्रय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पटाखों के सुरक्षित भंडारण और अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को दुर्घटना रहित मनाये जाने हेतु सामूहिक प्रयासो से बनाई गई व्यवस्था आवश्यक है। इसमें सभी का सहयोग हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकानों के लायसेंस हेतु पटाखा विक्रेताओ को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। ऑनलाईन आवेदन हेतु जिला स्तर तथा अनुभाग स्तर पर हेल्प काउन्टर बनवाये जाएंगे।

पाठशाला में संस्कारों की नींव रखी जाती है: मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक व्यक्ति ने एक बहुत बड़ा आलीशान महलनुमा घर बनाया। परन्तु वह घर बहुत जल्दी ही ढह गया। इतना बड़ा, इतना सुन्दर, इतना आलीशान मतलब सबकुछ सुविधा थी उस घर में, ऐसा घर इतनी जल्दी कैसे ढह गया। लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। लेकिन देखा तो उस भवन की नींव बहुत कमजोर थी।

उन्होंने कहा कि जब जड़ें कमजोर हो जाती हैं, तो बड़े से बड़े विशाल वृक्ष भी धाराशायी हो जाते हैं। इसे आधार-आधेय सम्बन्ध कहते हैं। आधार जब तक मजबूत नहीं होता है, तब तक आधेय कुछ नहीं कर सकता क्योंकि आधार के आधार से ही आधेय रहता है। नींव और जड़ आधार है और भवन और वृक्ष आधेय है। जब आधार कमजोर होगा, तब हम किस आधार से आधेय को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। यह बात हम सभी को बहुत अच्छे से समझ में आ जाती है। आज सभी को अपनी सन्तान को संस्कार देना है तो इन संस्कारों का आधार यह पाठशालायें हैं। जहाँ से आपकी संतती में संस्कारों का बीजारोपण होता है। और यह बीज भविष्य में कब वटवृक्ष का रूप ले ले कोई नहीं जानता।

इसलिये आपकी सन्तान रूपी बीज को पाठशाला के वातावरण में वपन करें, उसका संवर्धन करें, उसका संरक्षण करें। ताकि आपको भी निकट भविष्य में उसका परिणाम सुखद मिले। यह आधारशीला है भविष्य निर्माण की। आज हम सभी बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सी.ए., सी.एस. आइएएस आइपीएस आदि बनाना चाहते हैं। परन्तु अगर संस्कार व्यवस्थित हैं तो सब बनना सार्थक है। वरना तो कहावत है प्यूत सपूत तो क्यों धन संचय और पूत कपूत तो क्यों धन संचय। आचार्यों ने भी कहा है यः उत्पन्नः पुनाति वंशं सः पुत्रः जो उत्पन्न होकर कुल को पवित्र करे वही पुत्र है, वही सुपुत्र है। यहाँ पर आचार्यों ने उत्पत्ति को मुख्यता ना देकर पवित्रता को मुख्यता दी है। इसे सभी समझने का प्रयास करें।

पुलिस ने जुए के अड्डे से 9 आरोपी किए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के पिपरई पुलिस ने जुए के अडडे पर बड़ी कार्यवाही की यहां से पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर 18600 रूपए नगद और 3 बाईक व ताश की गडडी बरामद की हैं।

थाना पिपरई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी चक्क में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी पिपरई द्वारा पुलिस टीम गठित कर ग्राम सेमरी चक्क में स्कूल के पीछे दबिश दी गई, जहां जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में जगदीश पुत्र कन्छेदी यादव उम्र 28 वर्ष, ज्ञानसिंह पुत्र कन्छेदी यादव उम्र 40 वर्ष, कल्याण सिंह पुत्र मदन सिंह बंजारा उम्र 19 वर्ष एवं चरण सिंह पुत्र जसरथ सिंह बंजारा उम्र 25 वर्ष, निवासीगण ग्राम सेमरी थाना पिपरई तथा संदीप पुत्र चरण सिंह यादव उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम ढोड़िया थाना पिपरई, जिला अशोकनगर शामिल हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 18,600 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी विधिवत जब्त की गई। कार्यवाही के दौरान मौके से फरार हुए पवन पुत्र जसरथ बंजारा, रघुवीर पुत्र करतार, कन्हई पुत्र शिवराज एवं लाखन पुत्र रामसिंह को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मौके से तीन मोटरसाइकिल हीरो होंडा साइन, एचएफ डीलक्स एवं एक पुरानी बजाज मोटरसाइकिल भी विधिवत जब्त की गई हैं।

ग्राम पंचायत कोहरवास में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित

ग्रामीणों की समस्याओं का सरलता व सुगमता से निराकरण जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्रामीणों की समस्याओं का पूर्ण रूप से सरलता,सुगमता एवं तुलनात्मक रूप से निराकरण कराना मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा मौके पर ही निराकरण कराया जाता है।

साथ ही पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण परीक्षण उपरांत से शिविर में कराया जाता है। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को जनपद पंचायत ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कोहरवास में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के आयोजन के दौरान कही। शिविर में 186 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 96 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को प्रेषित किये गये। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में प्रत्येक शुक्रवार मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में कोहरवास में आयोजित शिविर में विभिन्न समस्यामूलक आवेदनों का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच जनता तक पहुंचाना है।



केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाना है। साथ ही शिविरों के माध्यम से उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

शासन की योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस प्रकार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

उद्यम संवाद का भी हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के साथ उद्यम संवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें स्थानीय उद्यमियों सीताराम कुशवाह, शशि कुशवाह,सुनीता,लखपति कुशवाहा,गोविंद लोधी ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी सफलता की कहानियां सुनाईं। उद्यमियों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने प्रयासों, मेहनत और उपलब्ध अवसरों के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढाया के बारे में जानकारी दी। शिविर में मेधावी छात्र-छात्राओं प्रीति आदिवासी,श्रृष्टि राय एवं रिंकी कुशवाह को लेपटॉप क्रय करने हेतु 25-25 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदाय किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत अंजलि पाल एवं प्रीति कुशवाह को ई-स्कूटी प्रदाय की गई।

शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत हितग्राहियों लाड़ली लक्ष्मी योजना,जाति प्रमाण पत्र, फौती नामांतरण,स्वरोजगार योजना के तहत ऋण वितरण, विद्युत कनेक्शन,दिव्यांग प्रमाण पत्र,स्व सहायता समूहों को सीसीएल की राशि के चेक वितरण, आयुष्मान कार्ड का हितलाभ का वितरण किया गया। शिविर में सांसद प्रतिनिधि हरीसिंह रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि शिवप्रताप सिंह रघुवंशी, अनूसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष घूमन सिंह आदिवासी, सिरनाम सिंह यादव, रंजीत सिंह, शिवेन्द्र यादव आदि रहे मौजूद।